मध्यप्रदेश राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2009

सामान्य अध्ययन मॉडल प्रश्नपत्र

1. **तमिलनाडु में जन्में किस भारतवंशी को रसायन विज्ञान का वर्ष 2009 का नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया है ?**
   अ. वेंकटरमन रामकृष्णन
   ब. बिंदेश्वर पाठक
   स. बिनोय चक्रवर्ती
   द. रामकृष्ण पुरोहित
2. **वर्ष 2016 में आयोजित होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी किस नगर को प्राप्त हुई है ?**
   अ. रियो डी जेनेरियो (ब्राजील)
   ब. न्यूयॉर्क (सं.रा. अमेरिका)
   स. बीजिंग (चीन)
   द. टोकियो (जापान)
3. **जापान में हाल ही में सम्पन्न संसदीय चुनावों में डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ जापान को भारी बहुमत मिला। इस पार्टी के किस नेता को सितम्बर 2009 में जापान का प्रधानमंत्री बनाया गया ?**
   अ. जेकी सूजूकी
   ब. यूकियो हतोयामा
   स. एंजेल मर्केल
   द. उक्त में से कोई नहीं
4. **भारत ने सितंबर 2009 में सामुद्रिक अनुसंधानों के लिए किस उपग्रह का सफल प्रक्षेपण किया ?**
   अ. ओशनसैट-1
   ब. ओशनसैट-2
   स. ट्यूबसैट-1
   द. ट्यूबसैट-2
5. **भारत में नक्सली गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए केंद्र सरकार ने किस अर्द्धसैनिक बल का गठन किया है ?**
   अ. कोबरा ब. नाग
   स. सर्प द. संहार
6. **अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के वर्ष 2009 में घोषित पुरस्कारों में टेस्ट प्लेयर ऑफ द ईयर तथा वन डे प्लेयर ऑफ द ईयर पुरस्कार क्रमशः किन भारतीय खिलाड़ियों को प्राप्त हुए ?**
   अ. सचिन तेंडुलकर तथा वीरेन्द्र सहवाग
   ब. गौतम गंभीर तथा महेंद्र सिंह धोनी
   स. महेन्द्र सिंह धोनी तथा सचिन तेंडुलकर
   द. उक्त में से कोई नहीं
7. **अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने वाली विश्व की पहली महिला कौन हैं ?**
   अ. मैरी जोन्स
   ब. कैथरीना बोकोवा
   स. सुजाता विलियम्स
   द. एलिनोर ओस्ट्रॉम
8. **किस भारतीय फिल्म निर्माता-निर्देशक को कोरिया में बुसान में अक्टूबर 2009 में आयोजित हुए अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में 'एशियन फिल्म मेकर ऑफ द ईयर' के रूप में सम्मानित किया गया ?**
   अ. यश चोपड़ा
   ब. संजय लीला भंसाली
   स. करन जोहर
   द. आदित्य चोपड़ा
9. **किस विख्यात बालीवुड सिंगर को वर्ष 2007 का दादा साहेब फाल्के पुरस्कार प्रदान किया गया ?**
   अ. लता मंगेशकर
   ब. आशा भोंसले
   स. मन्ना डे
   द. सोनू निगम
10. **साम्यवादी चीन की स्थापना की कौनसी वर्षगाँठ 1 अक्टूबर, 2009 को चीन में मनाई गई ?**
    अ. 75वीं ब. 50वीं
    स. 60वीं. द. 100वीं
11. **मध्यप्रदेश में न्यूज प्रिन्ट का कारखाना कहाँ स्थित है ?**
    अ. नेपानगर ब. पुनासा
    स. होशंगाबाद
    द. इनमें से कोई नहीं
12. **मध्यप्रदेश के उस पर्यटन स्थल का नाम बताएँ,जो अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त है और दैनिक वायुसेवा से जुड़ा है ?**
    अ. माँडू ब. साँची
    स. खजुराहो द. कान्हा किसली
13. **अवन्तिका मध्यप्रदेश के किस नगर का प्राचीन नाम है ?**
    अ. शिवपुरी ब. धार
    स. उज्जैन द. माँडू
14. **किस नदी पर विद्युत उत्पादन के लिए तीन बाँध बँधे हैं तथा उसके पानी को बैराज द्वारा राजस्थान और मध्यप्रदेश में सिंचाई के लिए उपयोग में लाया जाता है ?**
    अ. बेतवा ब. सोन
    स. चंबल द. ताप्ती
15. **खजुराहो के मंदिरों का निर्माण किसने करवाया था ?**
    अ. चन्देलों ने ब. कलचुरी ने स. पल्लवों ने द. मोर्यों ने
16. **2001 की जनगणना के अनुसार मध्यप्रदेश में स्त्री-पुरुष अनुपात कितना है ?**
    अ. 929 महिला 1000 पुरुष
    ब. 934 महिला 1000 पुरुष
    स. 941 महिला 1000 पुरुष
    द. 919 महिला 1000 पुरुष
17. **मध्यप्रदेश में 2001 की जनगणना के अनुसार पुरुष/**

महिला में साक्षरता का प्रतिशत क्या है ?

अ. पुरुष 76.1 प्रतिशत महिला 50.3 प्रतिशत

ब. पुरुष 48.4 प्रतिशत महिला 18.9 प्रतिशत

स. पुरुष 76.41 प्रतिशत महिला 28.39 प्रतिशत

द. पुरुष 57.43 प्रतिशत महिला 18.99 प्रतिशत

18. मध्यप्रदेश में प्रागैतिहासिक शिलचित्र कहाँ पाए जाते हैं ?

अ. बाघ की गुफाएँ ब. उदयगिरि

स. सोनगिरि द. भीम बेटिका

19. भोपाल के भारत भवन की डिजाइन करने वाले वास्तुविद् हैं-

अ. चार्ल्स कोरिया

ब. फ्रैंक लॉयड रायट

स. लॉ कारबूजियर

द. अशोक वाजपेयी

20. ताप्ती नदी का उद्गम कहाँ से है तथा वह समुद्र में कहाँ गिरती है ?

अ. बैतूल जिले में मुलताई के पास, खम्भात की खाड़ी

ब. अमरकंटक, अरब सागर

स. इंदौर जिले में महू के पास, बंगाल की खाड़ी

द. उपर्युक्त में से कोई नहीं

21. माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली पहली भारतीय महिला कौन थीं?

अ. बच्छेन्द्री पाल ब. फ्यू डोरजी

स. आंग सांग सू की द. योको ओनो

22. एस. चंद्रशेखर का नाम निम्नलिखित में से किस क्षेत्र के साथ जुड़ा हुआ है ?

अ. ब्रह्माण्ड विज्ञान

ब. रसायन विज्ञान

स. तरल यांत्रिकी

द. खगोल भौतिकी

23. भूकम्प की तीव्रता मापने के लिए किस पैमाने का प्रयोग किया जाता है ?

अ. रिक्टर पैमाना ब. मैट्रिक पैमाना

स. सेंटीग्रेड पैमाना द. न्यूटन पैमाना

24. संयुक्त राष्ट्र महासभा का अध्यक्ष चुना/चुने जाने वाला/वाली एकमात्र भारतीय कौन था/थी ?

अ. विजयलक्ष्मी पंडित

ब. वी.के. कृष्ण मेनन

स. जवाहरलाल नेहरू

द. राजेश्वर दयाल

25. किस भारतीय राज्य की तट रेखा सबसे लंबी है ?

अ. आन्ध्रप्रदेश ब. महाराष्ट्र

स. उड़ीसा द. तमिलनाडु

26. बोलोमीटर का प्रयोग किसे मापने के लिए किया जाता है ?

अ. आवृत्तिब. तापमान

स. वेग द. तरंगदैर्ध्य

27. टेहरी बाँध का निर्माण किस नदी पर किया जा रहा है ?

अ. गंगा ब. ब्रह्मपुत्र

स. भागीरथी द. यमुना

28. हमारे संविधान में राज्य नीति के निदेशक सिद्धांत की अवधारणा कहाँ के संविधान से ली गई थी ?

अ. यू.एस.ए. ब. कनाडा

स. यू.एस.एस.आर. द. आयरलैंड

29. भारत द्वारा बीजिंग ओलम्पिक्स में जीते गए तीन पदक थे-

अ. शूटिंग, मुक्केबाजी और कुश्ती में

ब. शूटिंग, मुक्केबाजी और तीरंदाजी में

स. शूटिंग, कुश्ती और टेनिस में

द. शूटिंग, मुक्केबाजी और हॉकी में

30. ए.टी.एम. का पूरा नाम क्या है ?

अ. ऑटोमैटिक टेलर मशीन

ब. ऑटोमेटिड टेलर मशीन

स. ऑटोमैटिक टेली मशीन

द. ऑटोमेटिड टैली मैकेनिज्म

31. संविधान में किस पर महाभियोग चलाने के लिए कोई प्रावधान नहीं है ?

अ. भारत का मुख्य न्यायाधीश

ब. किसी उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश

स. राज्यपाल द. उपराष्ट्रपति

32. योजना आयोग का पदेन अध्यक्ष निम्नलिखित में से केवल एक हो सकता है। वह है-

अ. योजना और विकास मंत्री

ब. गृहमंत्रीस. प्रधानमंत्री

द. वित्त मंत्री

33. मौलिक अधिकार नहीं दिए जाते-

अ. दिवालिया व्यक्तियों को

ब. विदेशियों को

स. असाध्य रोगों से ग्रस्त व्यक्तियों को

द. राजनीतिक पीड़ितों को

34. वायुमंडल की सबसे निचली परत कौनसी है ?

अ. क्षोभ मंडल ब. समताप मंडल

स. मध्य मंडल द. बाह्य वायुमंडल

35. भारत के प्रधानमंत्री का कार्यकाल कितना है ?

अ. लोकसभा के कार्यकाल के साथ

ब. राष्ट्रपति के कार्यकाल के साथ

स. जब तक उसे लोकसभा के बहुमत का समर्थन प्राप्त हो

द. पाँच वर्ष

36. निम्नलिखित में से कौन स्वराज पार्टी के सदस्य थे ?

1. मोतीलाल नेहरू

2. सरदार पटेल

3. गोपाल कृष्ण गोखले

अ. 1 और 2 ब. केवल 1

स. 2 और 3 द. 1,2 और 3

37. निम्नलिखित का मिलान कीजिए-

संघ राज्य क्षेत्र

क. पांडिचेरी

ख. अण्डमान और निकोबार द्वीप समूह

ग. लक्षद्वीप

घ. दमन और दीव

कार्यक्षेत्र (उच्च न्यायालय)

1. केरल 2. बंबई

3. मद्रास 4. कलकत्ता

	क.	ख.	ग.	घ.
अ.	3	4	1	2
ब.	1	3	4	2
स.	1	2	3	4
द.	1	4	3	2

38. निम्नलिखित में से कौनसा निकाय संविधानेत्तर और असांविधिक है?

अ. वित्त आयोग ब. योजना आयोग

स. संघ लोक सेवा आयोग

द. चुनाव आयोग

39. संसद में 'अविश्वास प्रस्ताव' के बारे में निम्नलिखित में से कौनसा सही है ?

1. संविधान में इसका कोई उल्लेख नहीं है।

2. एक अविश्वास प्रस्ताव के बाद दूसरा अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए छः माह की अवधि होनी चाहिए।

3. सदन में प्रस्तुत करने से पहले कम से कम 100 व्यक्ति उस प्रस्ताव का समर्थन अवश्य करें।

4. यह केवल लोक सभा में प्रस्तुत किया जा सकता है।

अ. 2 और 4 ब. केवल 1

स. 1,2,3 और 4 द. 1 और 4

40. कार्बोहाइड्रेट के अलावा हमारे जाती हैं, यदि किसी हो-

अ. प्रोटीन ब. वसा

स. खनिज द. विटामिन

41. बच्चों के अंगों की अस्थियाँ मुड़ जाती हैं। यदि कमी हो-

अ. विटामिन A की

ब. विटामिन B की

स. विटामिन D की

द. विटामिन E की

42. पुर्तगाली संस्कृति के अवशेष भारत में कहाँ पाए जाते हैं ?

अ. गोवा ब. कालीकट

स. कनानौर द. कोचीन

43. अंग्रेजों ने भारत में रेलवे किस उद्देश्य से शुरू की थी ?

अ. भारत में भारी उद्योग को आगे बढ़ाने के लिए

ब. ब्रिटिश वाणिज्य और प्रशासनिक नियंत्रण की सुविधा के लिए

स.दुर्भिक्ष की स्थिति में खाद्यान्न पहुँचाने के लिए

द. ताकि भारतीय देश में मुक्त रुप से घूम सके

44. भारत की वर्तमान मुद्रा प्रणाली आधारित है-

अ. स्वर्ण रिजर्व प्रणाली पर

ब. अनुपाती रिजर्व प्रणाली पर

स. परिवर्तनीय करेंसी प्रणाली पर

द. न्यूनतम रिजर्व प्रणाली पर

45. रुपए की पूर्ण परिवर्तनीयता का अर्थ है-

अ. रुपए से विदेशी मुद्रा की मुक्त रूप से खरीद

ब. आयात के लिए रुपए के रूप में भुगतान

स. ऋण की वापसी रुपए के रूप में

द. माँग और पूर्ति के बाजार बलों द्वारा रुपए और विदेशी मुद्राओं के बीच विनिमय दर का मुक्त रूप से निर्धारण

46. 2001 की जनगणना के अनुसार जनसंख्या की दृष्टि से भारत का सबसे बड़ा राज्य कौनसा है ?

अ. महाराष्ट्र ब. बिहार

स. उत्तरप्रदेश द. पश्चिम बंगाल

47. 'हरित क्रांति' पद का प्रयोग उच्च उत्पादन दर्शाने के लिए किया गया है-

अ. घास-स्थलों का निर्माण करके

ब. अधिक वृक्षों का रोपण करके

स. प्रति हैक्टेयर कृषि उत्पादकता बढ़ाकर

द. शहरी क्षेत्रों में उद्यान बनाकर

48. सकल घरेलू उत्पाद मूल्य होता है-

अ. एक वर्ष में किसी अर्थव्यवस्था में उत्पादित सभी वस्तुओं का

ब. एक वर्ष में किसी अर्थव्यवस्था में उत्पादित सभी वस्तुओं और सेवाओं का

स. एक वर्ष में किसी अर्थव्यवस्था में उत्पादित सभी अंतिम वस्तुओं का

द. एक वर्ष में किसी अर्थव्यवस्था में उत्पादित सभी अंतिम वस्तुओं और सेवाओं का

49. श्री वाई.वी. रेड्डी की सेवानिवृत्ति के बाद भारतीय रिजर्व बैंक का गवर्नर किसे नियुक्त किया गया है ?

अ. डॉ. इंद्रा रंगराजन

ब. डॉ. दिलीप संघवी

स. डॉ. विजय एल. केलकर

द. डी. सुब्बाराव

50. भारत में पंचवर्षीय योजनाओं के प्रारूप का अनुमोदन किया जाता है-

अ. राष्ट्रीय विकास परिषद द्वारा

ब. योजना आयोग द्वारा

स. राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद द्वारा

द. वित्त मंत्रालय द्वारा

51. भारत में कृषि बेरोजगारी का स्वरूप है-

अ. केवल मौसमी ब. केवल प्रच्छन्न

स. दोनों अ. और ब.

द. उपर्युक्त में से कोई नहीं

52. निम्नलिखित में से पृथ्वी से कौनसे खगोलीय पिण्ड की दूरी सबसे अधिक है ?

अ. शनि ब. यूरेनस

स. नेप्च्यून द. प्लूटो

53. चावल पकाना कठिन होता है-

अ. पर्वत के शिखर पर

ब. समुद्र तल पर

स. खदान के भीतर

द. कहीं भी एक जैसा

54. डायनेमो एक यंत्र है जो-

अ. यांत्रिक ऊर्जा पैदा करता है

ब. वैद्युत ऊर्जा पैदा करता है

स. यांत्रिक ऊर्जा को वैद्युत ऊर्जा में बदलता है

द. वैद्युत ऊर्जा को यांत्रिक ऊर्जा में बदलता है

55. एक्स-रे की खोज किसने की थी ?

अ. बैकेरलब. रोएन्टजन

स. मैरी क्यूरी　　द. वान लू

56. जो संबंध पहली और दूसरी आकृति में है, वहीं संबंध तीसरी और चौथी आकृति में रखने के लिए कौनसी आकृति बनेगी ?



अ. 　　ब. 

स. 　　द. 

57. यदि किसी सांकेतिक भाषा में TOY को UQB लिखा जाता है,तो को उसी भाषा में SEAकैसे लिखा जाएगा ?

अ. TGC　　ब. TFB

स. TGD　　द. TFC

58. 'अज्ञान' का जो संबंध 'शिक्षा' से है, वही संबंध 'रोग' का किससे है ?

अ. अस्पताल　　ब. परिचारिका

स. चिकित्सक　　द. औषधि

59. निम्नलिखित में से कौन ऐसा है जो शेष से भिन्न श्रेणी का है ?

अ. आलू　　ब. प्याज

स. गाजर　　द. गोभी

60. कौनसे संगीतज्ञ मैहर से संबद्ध रहे ?

अ. उस्ताद अमजद अली खाँ

ब. उस्ताद अलाउद्दीन खाँ

स. भीमसेन जोशी

द. पंडित जसराज

61. 'डूरंड कप' किस खेल से संबद्ध है ?

अ. फुटबॉल　　ब. क्रिकेट

स. हॉकी　　द. वॉलीबॉल

62. भारतीय संविधान की प्रारूप समिति के अध्यक्ष कौन थे ?

अ. डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

ब. पं. जवाहरलाल नेहरू

स. डॉ. बी.आर. अम्बेडकर

द. वल्लभ भाई पटेल

63. 'आर्य समाज' की स्थापना किसने की ?

अ. स्वामी दयानन्द सरस्वती

ब. राजा राममोहन रॉय

स. स्वामी विवेकानन्द

द. आत्माराम पांडुरंग

64. ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती की दरगाह कहाँ है ?

अ. आगरा　　ब. दिल्ली

स. अजमेर　　द. लाहौर

65. 'शिक्षक दिवस' भारत के किस भूतपूर्व राष्ट्रपति की जन्मतिथि पर मनाया जाता है ?

अ. डॉ. जाकिर हुसैन

ब. डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन

स. डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

द. श्री वी.वी. गिरी

66. मध्यप्रदेश का सबसे पुराना विश्वविद्यालय कौनसा है ?

अ. देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर

ब. बरकतुल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

स. रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

द. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर

67. निम्नलिखित में से कौन एक यौगिक का उदाहरण है ?

अ. चीनी　　ब. यूरेनियम

स. ब्रोमीन　　द. जेनॉन

68. आलू खाने से हमें भोजन का कौनसा मुख्य घटक प्राप्त होता है ?

अ. प्रोटीन　　ब. वसा

स. खनिज लवण　　द. कार्बोहाइड्रेट

69. दुग्ध से दही का बनना किस परिवर्तन का उदाहरण है ?

अ. भौतिकब. रासायनिक

स. उत्क्रमित

द. उपर्युक्त में से कोई नहीं

70. निम्नलिखित में से कौनसी गैस ग्रीन हाउस प्रभाव डालती है ?

अ. सल्फर डाइऑक्साइड

ब. ऑक्सीजन　　स. नाइट्रोजन

द. मीथेन

71. यदि आपकी आयु 13 वर्ष है, तो आप सूर्य की परिक्रमा कितनी बार पूरी कर चुके हैं ?

अ. 7 बार　　ब. 13 बार

स. 26 बारद. 20 बार

72. एक सिक्का पानी में डूबा हुआ कुछ ऊपर प्रतीत होता है, उसका कारण है-

अ. प्रकाश का परावर्तन

ब. प्रकाश का विक्षेपण

स. प्रकाश का अपवर्तन

द. पूर्व आंतरिक परावर्तन

73. ध्वनि की अधिकतम गति किस माध्यम में होती है ?

अ. निर्वात　　ब. वायु

स. ठोस　　द. द्रव

74. राष्ट्रपति राज्यसभा के लिए कितने सदस्यों को मनोनीत कर सकते हैं?

अ. दो　ब. पाँच स. बारह द. बीस

75. एक ब्रिटिश पुलिस अधिकारी साण्डर्स की हत्या लाहौर में की गई थी, क्योंकि-

अ. उसने चंद्रशेखर आजाद को मारा था

ब. वह अपमानित करने वाले भाषण देता था

स. वह लाला लाजपतराय पर किए गए लाठी चार्ज में शामिल था

द. वह जलियाँवाला बाग हत्याकांड में शामिल था

76. मानव शरीर के किस अंग में यूरिया का निर्माण होता है ?

अ. यकृत ब. वृहद अस्थि

स. अग्नाशय द. प्लीहा (स्पलीन)

77. वायुमंडल में प्रकाश के विसरण का कारण है-

अ. कार्बन डाइऑक्साइड

ब. धूल कण

स. हीलियम द. जलवाष्प

78. निम्न में से कौनसा एक कथन सही नहीं है ?

अ. दूध में विटामिन-बी नहीं होता

ब. विटामिन-ए (रेटिनॉल) के अभाव के कारण त्वचा शुष्क तथा शल्की हो जाती है

स. जोडों में पीड़ा होना स्कर्वी के लक्षणों में से एक है

द. विटामिन-B_1 (थायमीन) के अभाव के कारण हृदयाघात हो सकता है

79. निम्नलिखित में से कौनसी मौसमी दशा बैरोमीटर के पठन में आए अचानक गिरावट को संकेत करती है ?

अ. तूफानी मौसम ब. शांत मौसम

स. ठण्डा एवं शुष्क मौसम

द. गर्म एवं सूर्यतप मौसम

80. निम्नलिखित में से किसने सबसे पहले यह बताया था कि पृथ्वी गोल है ?

अ. अरस्तू ब. कोपरनिकस

स. टॉलेमी द. स्ट्रेबो

81. जब जल को 0^oC से 10^oC तक गर्म किया जाता है, तो इसका आयतन-

अ. बढ़ता है ब. घटता है

स. अपरिवर्तित रहता है

द. पहले घटता है,फिर बढ़ता है

82. गाँधी सागर बाँध निम्नलिखित में से किसका भाग है ?

अ. चम्बल परियोजना

ब. कोसी परियोजना

स. दामोदर घाटी परियोजना

द. भाखड़ा नांगल परियोजना

83. तिरुपुर, विश्व के अनेक क्षेत्रों को निम्नलिखित वस्तुओं में से किसके निर्यात के लिए प्रसिद्ध है ?

अ. रत्न और आभूषण

ब. चमड़े का सामान

स. बुने हुए सूती वस्त्र

द. दस्तकारी का सामान

84. कुंवर सिंह, 1857 के विद्रोह के एक प्रमुख नायक थे। वह निम्नलिखित में से किस राज्य से संबद्ध थे ?

अ. बिहार ब. मध्यप्रदेश

स. राजस्थान द. उत्तरप्रदेश

85. निम्न में से कौनसा एक क्षेत्र 1857 के विद्रोह से प्रभावित नहीं था ?

अ. झाँसी ब. चित्तौड़

स. जगदीशपुर द. लखनऊ

86. निम्नलिखित में से किसने वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट निरस्त किया ?

अ. लॉर्ड डफरिन ब. लॉर्ड रिपन

स. लॉर्ड कर्जन द. लॉर्ड हार्डिंग

87. 1931 में कांग्रेस के कराची अधिवेशन में मूल अधिकारों पर प्रस्ताव का प्रारूप निम्नलिखित में से किसने बनाया है ?

अ. डॉ. बी.आर.अम्बेडकर

ब. पंडित जवाहरलाल नेहरू

स. डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

द. सरदार वल्लभभाई पटेल

88. वर्ष 1939 में कांग्रेस को छोड़ने के पश्चात सुभाषचंद्र बोस ने किस दल की स्थापना की ?

अ. इंडियन फ्रीडम पार्टी

ब. आजाद हिन्द फौज

स. रिवोल्युशनरी फ्रन्ट

द. फॉरवर्ड ब्लॉक

89. सरकार 'अर्थोपाय ऋण' लेती है-

अ. आर.बी.आई. से

ब. आई.डी.बी.आई. से

स. एस.बी.आई. से

द. आई.सी.आई.सी.आई से

90. सस्ती मुद्रा का अर्थ है-

अ. ब्याज की कम दर

ब. बचत का निम्न स्तर

स. आय का निम्न स्तर

द. निम्न जीवन स्तर

91. आई.एम.एफ. के नियमों के अनुसार हर सदस्य को अपनी वैध मुद्रा का सममूल्य घोषित करना होता है। यू.एस. डॉलर के रूप में और-

अ. सिल्वर के रूप में

ब. स्वर्ण के रूप में

स. पाउंड स्टर्लिंग के रूप में

द. हीरे के रूप में

92. हरित क्रांति का संबंध मुख्य रूप से किस फसल से है ?

अ. चावल ब. गेहूँ

स. दालें द. गन्ना

93. भारत का पहला भारतीय गवर्नर जनरल कौन था ?

अ. बी.आर. अम्बेडकर

ब. सी. राजगोपालाचारी

स. डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

द. डॉ. एस. राधाकृष्णन

94. स्वतंत्र भारत में पहली गैर कांग्रेस सरकार किस राज्य में बनी थी ?

अ. पंजाब ब. बिहार

स. महाराष्ट्रद. केरल

95. यदि धन (मुद्रा) बहुत अधिक हो और माल बहुत कम हो तो वह स्थिति होती है-

अ. अवस्फीति

ब. मुद्रास्फीति

स. मंदी

द. गतिरोध (गतिहीनता)

96. संविधान के किस संशोधन ने मौलिक अधिकारों की अपेक्षा राज्य नीति के निदेशक सिद्धांतों को अधिक महत्वपूर्ण बना दिया ?

अ. 42वें ब. 44वें

स. 52वें द. 56वें

97. हमारे सांविधानिक इतिहास में 26 नवंबर,1949 महत्वपूर्ण दिन है, क्योंकि-

अ. भारत ने इस दिन पूर्व स्वतंत्रता की शपथ ली थी

ब. इस दिन संविधान अंगीकार किया गया था

स. इस दिन भारत गणतंत्र बना था

द. इस दिन संविधान में पहला संशोधन पारित किया गया था

98. भारतीय संविधान की प्रस्तावना में निम्नलिखित में से किस अभिव्यक्ति का प्रयोग नहीं किया गया है ?

अ. सर्वसत्ताधारी लोकतंत्रीय गणराज्य

ब. समाजवादी

स. धर्मनिरपेक्ष

द. संघीय

99. निम्नलिखित में से कौन दो बार भारत का राष्ट्रपति चुना गया था ?

अ. एस. राधाकृष्णन

ब. राजेन्द्र प्रसाद

स. जाकिर हुसैन

द. वी.वी. गिरि

100. राज्यसभा का सदस्य बनने के लिए उम्मीदवार की न्यूनतम आयु होनी चाहिए-

अ. 21 वर्ष ब. 25 वर्ष

स. 30 वर्षद. 35 वर्ष

101. संघ की संसद में शामिल है-

अ. भारत का राष्ट्रपति

ब. राज्यसभा

स. लोकसभा

द. उपर्युक्त सभी

102. लोकसभा के निर्वाचित सदस्यों की अधिकतम संख्या है-

अ. 530 ब. 545

स. 540 द. 550

103. गैर-धन विधेयक के संसद के हर सदन में कितने वाचन होते हैं ?

अ. दो ब. तीन

स. चार द. एक

104. राज्य विधानसभा में धन विधेयक किसकी पूर्व अनुमति से प्रस्तुत किया जा सकता है ?

अ. राज्य का राज्यपाल

ब. राज्य का मुख्यमंत्री

स. विधानसभा का अध्यक्ष

द. राज्य का वित्तमंत्री

105. वह प्रधानमंत्री कौन था जिसे संसद ने मतदान द्वारा अपदस्थ कर दिया था ?

अ. इंदिरा गाँधी

ब. मोरारजी देसाई

स. वी.पी. सिंह

द. चंद्रशेखर

106. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का पहला महासचिव था-

अ. दादाभाई नौरोजी

ब. ए.ओ.ह्यूम

स. फिरोजशाह मेहता

द. बदरुद्दीन तैयबजी

107. राजा राममोहन राय ने किसके विरुद्ध एक ऐतिहासिक आंदोलन का आयोजन किया था ?

अ. जाति प्रथा

ब. सती की कुप्रथा

स. समाज में महिलाओं की अपमानजनक स्थिति

द. व्यर्थ के धार्मिक अनुष्ठानों का पालन

108. 'वर्षों पहले हमने नियति के साथ एक वादा किया था और अब वह वादा पूरा करने का समय आ गया है.......... ' ये शब्द 14 अगस्त, 1947 की रात को किसने कहे थे ?

अ. डॉ. बी.आर. अम्बेडकर

ब. सी. राजगोपालाचारी

स. जवाहरलाल नेहरू

द. डॉ. राजेंद्र प्रसाद

109. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने 'असहयोग' का अपना प्रसिद्ध प्रस्ताव 1920 में कहाँ आयोजित अपने अधिवेशन में पारित किया था ?

अ. लखनऊ में ब. दिल्ली में

स. बंबई में द. कलकत्ता में

110. 'भारत का ग्रैंड ओल्ड मैन' किसे कहा जाता है ?

अ. दादाभाई नौरोजी

ब. गोपाल कृष्ण गोखले

स. बाल गंगाधर तिलक

द. सुरेंद्रनाथ बैनर्जी

111. 'द्वैध शासन' किस गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट द्वारा लागू किया गया था ?

अ. 1909 के ब. 1919 के

स. 1935 के

द. उपर्युक्त में से किसी से भी नहीं

112. 1916 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और मुस्लिम लीग एक दूसरे के निकट आ गए थे-

अ. लाहौर में ब. अमृतसर में

स लखनऊ में द. हरिपुरा में

113. केरल की मौन घाटी-

अ. भारत में एकमात्र सदाबहार वन है

ब. में महँगी इमारती लकड़ी के पेड़ हैं

स. पिकनिक के लिए अच्छा स्थान है

द. में पादपों तथा प्राणियों की बिरली जातियाँ हैं

114. भारत की तटरेखा की लंबाई है लगभग-

अ. 5,500 किमी

ब. 6,000 किमी

स. 6,500 किमी

द. 7,000 किमी

115. वर्ष में 50 सेमी से कम वर्षा वाला क्षेत्र है-

अ. मेघालय

ब. कश्मीर में लेह

स. कोरोमंडल तट

द. कोंकण तट

116. निम्नलिखित में से कौनसा भारत का सबसे अधिक आर्द्र स्थान है ?

अ. महाबलेश्वर ब. चेरापूँजी

स. उधकमंडलम द. मासिनराम

117. काजीरंगा नेशनल पार्क प्रसिद्ध है-

अ. गैंडे के लिए ब. बाघ के लिए

स. शेर के लिए द. मगर के लिए

118. मानव त्वचा का रंग बनता है-

अ. हीमोग्लोबिन से

ब. इन्सुलिन से

स. ऐड्रिनलिन से द. मेलानिन से

119. स्वर्ण की शुद्धता कैरट में व्यक्त की जाती है। स्वर्ण का शुद्धतम रूप होता है-

अ. 24 कैरट ब. 99.6 कैरट

स. 91.6 कैरट द. 22 कैरट

120. पेट्रोलियम एक मिश्रण है-

अ. कार्बोहाइड्रेटों का

ब. कार्बोनेटों का

स. हाइड्रोकार्बनों का

द. कार्बाइडों का

121. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) की स्थापना किस वर्ष हुई थी ?

अ. 1967 ब. 1969

स. 1970द. 1974

122. 'परमाणु अप्रसार संधि' किस वर्ष लागू हुई थी ?

अ. 1967 ब. 1970

स. 1971द. 1974

123. भारत के किस राज्य में गरीबों का प्रतिशत सबसे अधिक है ?

अ. बिहार ब. छत्तीसगढ़

स. उड़ीसा द. झारखंड

124. क्षेत्रफल की दृष्टि से निम्नलिखित में से कौनसा संसदीय चुनाव क्षेत्र सबसे बड़ा है ?

अ. बाड़मेर (राजस्थान)

ब. अरुणाचल पश्चिम (अरुणाचल प्रदेश

स. लद्दाख (जम्मू और कश्मीर)

द. उत्तरांचल पूर्व (उत्तरांचल)

125. पहले राष्ट्रमंडल खेल वर्ष 1930 में कहाँ आयोजित किए गए थे ?

अ. लंदन (यू.के.) में

ब. सिडनी (ऑस्ट्रेलिया)में

स. हैमिल्टन (कनाडा)में

द. ऑकलैंड (न्यूजीलैंड) में

126. पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन का मुख्यालय स्थित है-

अ. विएना में ब. रियाध में

स. कुवैत सिटी में

द. आबू धाबी में

127. दिल्ली में 19वें राष्ट्रमंडल खेल कब होंगे ?

अ. दिसंबर, 2011 में

ब. नवंबर, 2012 में

स. अक्टूबर, 2010 में

द. फरवरी, 2011 में

128. जेमिनी रॉय ने किस क्षेत्र में ख्याति प्राप्त की ?

अ. बैडमिंटन

ब. चित्रकला (पेंटिंग)

स. थिएटर द. मूर्तिकला

129. निम्नलिखित क्रांतिकारियों में से कौन काकोरी षड्यंत्र केस से जुड़ा नहीं है ?

अ. रामप्रसाद बिस्मिल

ब. रोशन सिंह स. भगतसिंह

द. अशफाकुल्लाह खाँ

130. वर्ष 1946 में आजाद हिन्द फौज के लाल किले दिल्ली के मुकदमे की पैरवी निम्नलिखित में से किसने नहीं की थी ?

अ. भुलाभाई देसाई

ब. पंडित जवाहरलाल नेहरू

स. सरदार वल्लभभाई पटेल

द. डॉ. कैलाशनाथ काटजू

131. भारतीय स्वतंत्रता के लिए फाँसी पाने वाले प्रथम रिकॉर्डेड मुस्लिम का नाम बताएँ-

अ. मोहम्मद अली

ब. शोकत अली

स. अशफाकुल्लाह खाँ

द. अजीजुद्दीन

132. ब्रिटिश वस्तुओं के बहिष्कार का सुझाव सबसे पहले

दिया था-
अ. अरविंद घोष ने
ब. कृष्ण कुमार मिश्र ने
स. रवीन्द्रनाथ टैगोर ने
द. सुरेन्द्रनाथ बनर्जी ने

133. निम्नलिखित कारागारों में से किसमें जवाहरलाल नेहरू ने 'डिस्कवरी ऑफ इंडिया' पुस्तक लिखी थी ?
अ. अलीपुर सेन्ट्रल जेल
ब. अहमदनगर फोर्ट जेल
स. देवली कैम्प जेल
द. यरवदा जेल

134. द्वितीय विश्व युद्ध के बाद 1946 में निम्न में से कौन भारत आया था ?
अ. क्रिप्स मिशन
ब. कैबिनेट मिशन
स. वेवल योजना
द. साइमन कमीशन

135. ब्रिटिश सरकार ने महात्मा गाँधी को जो उपाधि दी थी और जिसे उन्होंने असहयोग आंदोलन में वापस कर दिया था, वह थी-
अ. हिन्द केसरी
ब. कैसर-ए-हिन्द
स. राय बहादुर
द. राइट ऑनरेबल

136. कल्याणकारी राज्य की संकल्पना का समावेश भारत के संविधान में है-
अ. पाँचवीं अनुसूची में
ब. राज्य के नीति निदेशक तत्वों में
स. उद्देशिका में
द. मूल अधिकार में

137. भारत में संसद की लोक लेखा समिति के अध्यक्ष की नियुक्ति की जाती है-
अ. भारत के राष्ट्रपति के द्वारा
ब. भारत के प्रधानमंत्री के द्वारा
स. लोकसभा के अध्यक्ष के द्वारा
द. राज्यसभा के अध्यक्ष के द्वारा

138. संविधान के अंतर्गत मूल अधिकारों का संरक्षक कौन है ?
अ. संसद
ब. राष्ट्रपति
स. सर्वोच्च न्यायालय
द. मंत्रिमंडल

139. गत पाँच दशकों में भारत की राष्ट्रीय आय में कृषि के योगदान का प्रतिशत-
अ. धीरे-धीरे घटा है
ब. अपरिवर्तित है
स. धीरे-धीरे बढ़ा है
द. तीव्रता से बढ़ा है

140. निम्नलिखित उद्योगों में से भारत में सबसे प्राचीन उद्योग है-
अ. जूट ब. सूती वस्त्र
स. चाय द.चीनी

141. भारत में न्यूनतम जनसंख्या घनत्व वाला राज्य है-
अ. अरुणाचल प्रदेश
ब. हिमाचल प्रदेश
स. मिजोरम द. सिक्किम

142. भारत में सर्वाधिक अनुसूचित जाति जनसंख्या वाला प्रदेश है-
अ. राजस्थान ब. महाराष्ट्र
स. मध्यप्रदेश द. उत्तरप्रदेश

143. सूची-I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूटों की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए-
सूची-I
क. स्टेथोस्कोप
ख. स्फिग्नोमैनोमीटर
ग. कैरेटोमीटर
घ. लक्स मीटर
सूची-II
1. प्रकाश की तीव्रता मापने के लिए
2.सोने की शुद्धता पता लगाने के लिए
3. हृदय की ध्वनि सुनने के लिए
4. रक्तचाप मापने के लिए
कूट-

	क.	ख.	ग.	ध
अ.	1	2	3	4
ब.	4	3	2	1
स.	3	4	2	1
द.	2	1	4	3

144. 2012 ओलम्पिक खेल आयोजित होंगे-
अ. मास्को में ब. न्यूयॉर्क में
स. टोकियो में द. लंदन में

145. वर्ष 2010 का पुरुष हॉकी विश्व कप आयोजित होगा-
अ. जर्मनी में ब. भारत में
स. पाकिस्तान में द. स्पेन में

146. किसी विद्यमान डॉक्यूमेंट को अलग नाम सहित सेव करने के लिए आप क्या करेंगे ?
अ. डॉक्यूमेंट रिटाइप कर इसे अलग नाम देंगे
ब. Save as.कमांड को प्रयुक्त करेंगे
स. मूल डॉक्यूमेंट को एक नए डॉक्यूमेंट में कॉपी और पेस्ट करेंगे और फिर सेव करेंगे
द. किसी अलग लोकेशन पर डॉक्यूमेंट कॉपी करने के लिए विंडोज एक्स्प्लोरर का उपयोग कर उसे नया नाम देंगे

147. किसी फाइल को फ्लॉपी डिस्क से हार्ड डिस्क में कॉपी कर बाद में हार्ड डिस्क में खोलना बेहतर है,क्योंकि-
अ. फ्लॉपी डिस्क को एक कम्प्यूटर से दूसरे पर आसानी से ले जाया जा सकता है

ब. फ्लॉपी डिस्क पर आप अधिक स्टोर कर सकते हैं

स. फ्लॉपी डिस्क पर स्टोर की गई फाइल को कम्प्यूटर खोल नहीं सकता है

द. इसमें हार्ड डिस्क को अधिक तेजी से और सुरक्षापूर्वक पड़ा जा सकता है

148. 40 बच्चों की कक्षा में सुनेत्र का क्रम ऊपर से 8वाँ है। सुजीत, सुनेत्र से 5 क्रम नीचे है। सुजीत का नीचे से क्या क्रम है ?

अ. 27 ब.29 स. 28 द. 26

149. यदि लोहे का संबंध 'धातु' से है तो पीतल का संबंध किससे है ?

अ. लोहा ब. मिश्रधातु

स. ताँबा द. जस्ता

150. यदि नीले को लाल कहा जाता है, लाल को हरा कहा जाता है, हरे को काला कहा जाता है और काले को सफेद कहा जाता है, तो घास का रंग क्या है ?

अ. लाल ब. काला

स. सफेद द.हरा

उत्तरमाला सामान्य अध्ययन

1. अ 2. अ 3. ब 4. ब 5. अ
6. ब 7. द 8. अ 9. स 10. स 11. अ
12. स 13. स 14. स 15. अ 16. द 17. अ
18. अ 19. अ 20. अ 21. अ 22. द 23. अ
24. अ 25. अ
26. ब 27. स 28. द 29. अ 30. अ
31. स 32. स 33. ब 34. अ 35. स
36. ब 37. अ 38. ब 39. द 40. ब
41. स 42. ब 43. ब 44. द 45. द
46. स 47. स 48. द 49. द 50. अ
51. स 52. द 53. अ 54. स 55. ब
56. द 57. स 58. द 59. द 60. ब
61. अ 62. स 63. अ 64. स 65. ब
66. द 67. अ 68. द 69. अ 70. द
71. ब 72. स 73. स 74. स 75. स
76. अ 77. ब 78. अ 79. अ 80. अ
81. द 82. अ 83. स 84. अ 85. ब
86. ब 87. ब 88. द 89. अ 90. अ
91. स 92. ब 93. ब 94. द 95. ब
96. अ 97. ब 98. द 99.ब 100. स
101. द 102. द 103. ब 104. अ 105.स
106. ब 107. ब 108. स 109. स 110.अ 111. ब 112. स
113. द 114. द 115. ब 116. द 117. अ 118. द
119. अ 120.स 121. ब 122. ब 123. अ 124. स 125. स
126. अ 127. स 128. ब 129. स 130.द
131. स 132. स 133. ब 134. ब 135.ब
136. ब 137. स 138. स 139. अ 140.ब
141. अ 142. द 143. स 144. द 145. ब
146. ब 147. द 148. स 149. ब 150. ब